सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक –28.03.2024

थाना आटा पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त को आलाकत्ल के साथ 24 घन्टे अन्दर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

दिनांक 27.03.2024 को वादी ने तहरीरी सूचना दी कि जितेन्द्र उर्फ लंगड पुत्र आशाराम उर्फ कल्लू यादव निवासी कस्बा व थाना आटा जनपद जालौन ने उसकी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है, जिसके सम्बन्ध में थाना आटा में मु0अ0सं0 46/24 धारा 302/506 भादवि बनाम जितेन्द्र उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना आटा पुलिस टीम को लगाया गया था, जिसके फलस्वरूप थाना आटा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ लंगड पुत्र आशाराम उर्फ कल्लू यादव निवासी कस्बा व थाना आटा जनपद जालौन को मय आलाकत्ल कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1- जितेन्द्र उर्फ लंगड पुत्र आशाराम उर्फ कल्लू यादव निवासी कस्बा व थाना आटा जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद कुल्हाड़ी आलाकत्ल

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना आटा मय पुलिस टीम।